उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

नवीन भवन, राज्य नियोजन संस्थान,
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007

पत्रांकः 16151 /यू.पी.–रेरा/प्रशा./2024–25 दिनांकः 29 नवम्बर, 2024

–:विज्ञापन नोटः–

उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण मुख्यालय, लखनऊ में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, उ.प्र. शासन द्वारा निर्गत पद सृजन विषयक आदेश दिनांकः 10–02–2024 के अनुसार लेखाकार के पद पर प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन के माध्यम से नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्याः 8772/उ.प्र. रेरा भर्ती/2024–25 दिनांकः 22–06–2024 को निर्गत किया गया था जिसकी ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांकः 10–07–2024 थी, को विस्तारित करते हुए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांकः 25–07–2024 तक की गयी थी।

निर्गत विज्ञापन में लेखाकार पद पर प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन के माध्यम से नियुक्ति हेतु निम्नवत योग्यता/अर्हता उ.प्र. शासन द्वारा नियत की गयी हैः–

"किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कॉमर्स में स्नातक की उपाधि अथवा संस्थान से एकाउण्टेन्सी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। सरकारी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान में कम्प्यूटर संचालन में ओ–लेवेल का डिप्लोमा सरकारी संगठन अथवा सरकारी उपक्रम/प्रतिष्ठान में डबल इंट्री एकाउण्टिंग सिस्टम के साथ वित्त एवं लेखा सम्बन्धित कार्य करने का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव। कम्प्यूटर पर कार्य करने की दक्षता।"

उक्त विज्ञापन के क्रम में प्राप्त कुल 06 आवेदनों में कोई भी अभ्यर्थी ओ–लेवल की अर्हता नहीं रखता है।

उक्त के क्रम में लेखाकार के पद हेतु अपात्र अभ्यर्थियों के आधार पर प्रकाशित विज्ञापन संख्याः 8772/उ.प्र. रेरा भर्ती/2024–25 दिनांकः 22–06–2024 में से लेखाकार के पद पर नियुक्ति सम्बन्धी विज्ञापन को निरस्त किया जाता है।

सचिव, रेरा।